नैक (NAAC) द्वारा 'A' ग्रेड प्राप्त

महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा

Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997] क्रमांक के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)

(A Central University established by Parliament by Act No. 3 of 1997)

हिंदी विश्वविद्यालय की ओर से किसान पाठशाला आयोजित

वर्धा, 20 जून 2019: महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय के समाज कार्य केंद्र के बी.एस.डब्ल्यू. के छात्र छात्राओ ने वर्धा जिले के सेलु तहसील के मोर्चापुर ग्राम में महिलाओं के लिए

किसान पाठशाला का आयोजन किया। यह कार्यक्रम कमलनयन जमनालाल बजाज फाउंडेशन के साथ संयुक्तरूप से आयोजित किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्धेश्य ग्रामीण महिलाओं में प्राकृतिक खेती एवं कुटीर-लघु उद्योग के माध्यम से सशक्त करने के प्रयास से आयोजित किया गया। विद्यार्थियों के समर प्लेसमेंट का एक मुख्य भाग के रूप में इसे आयोजित किया गया।

इस पाठशाला में महिला बचत गुट की महिलायें व पुरुष किसान उपस्थित थे। विश्वविद्यालय के क्षेत्र कार्य

प्रभारी डॉ. शिव बघेल ने गांव के विकास में विद्यार्थियों की सहभागिता की महत्ता के साथ महिलाओं को विवि द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न कार्यक्रमोंक एवं उपक्रमों की जानकारी दी।

बजाज फाउंडेशन के अंतर्गत चलने वाले सभी कार्यक्रमों की जानकारी जावेद रिज़वी ने दी । संस्था के

महिला सक्षमीकरण कार्यक्रम अंतर्गत महिला बचत गुट और लघु उद्योग के बारे में मार्गदर्शन किया। महिलाओं के साथ आहार और आरोग्य के बारे में विस्तृत चर्चा संस्था की सुचिता इंगोलेने की। उसी तरह प्राकृतिक खेती के बारे में संस्था के संदीप तेलरांधे ने प्राकृतिक खेती की आज की जरुरत, उसके जैसे बिजमृत, जीवामृत, आच्छादन, वाफसा और मिश्र पिक के बारे में सभी को अवगत कराया । कार्यक्रम का संचालन सौरभ उराडे ने किया । कार्यक्रम की सफलता के लिये प्रतीक्षा, मर्थो, अमित, अश्विनी, पल्लवी प्रयास किया।